>

**Title:**Need to take effective steps for promotion of Scent Industry in Kannauj,U.P.

श्री प्रदीप कुमार यादव (कन्नौज): महोदय, मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कन्नौज के इत्र उद्योग की तरफ दिलाना चाहता हूं। आज से कई वर्ष पूर्व यहां का इत्र दूर-दूर तक प्रसिद्ध था किन्तु सरकार की कारगर नीति के अभाव के कारण यहां का इत्र उद्योग खत्म होता जा रहा है। यहां के इत्र बनाने वालों को कोई सरकारी सहायता नहीं मिलती है। यहां का बनने वाला इत्र किसी प्रकार से शरीर और दिमाग को नुकसान नहीं पहुंचाता है और यहां का इत्र प्रयोग करने पर शरीर को ताज़गी और दिमाग में ठंडक पहुंचती है। अगर सरकार चाहे तो यहां के इत्र उद्योगों को बढ़ावा देकर विदेशी मुद्रा भी कमा सकती है क्योंकि विश्व में जड़ी बूटियां और फूलों से बने इस इत्र की काफी मांग को पैदा किया जा सकता है।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इन बिन्दुओं की जांच करने हेतु इत्र उद्योगों की समस्या को जानकर उनके बढ़ावे हेतु सरकारी प्रयास किये जाएं।